



## एक नजर में

### शहरी स्वच्छता संकल्प महाअभियान के तहत ट्रेंचिंग ग्राउंड का सामूहिक निरीक्षण



**खंडवा।** मुख्यमंत्री शहरी स्वच्छता संकल्प महाअभियान के अंतर्गत शनिवार को नगर निगम के ट्रेंचिंग ग्राउंड का स्व सहायता समूह की महिलाओं एवं आईईसी टीम द्वारा सामूहिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित सदस्यों को शहर से एकत्रित होने वाले कचरे के वैज्ञानिक निपटान की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि किस प्रकार गीले और सूखे कचरे को अलग कर व्यवस्थित तरीके से उसका प्रबंधन किया जाता है। विशेष रूप से गीले कचरे से जैविक खाद तैयार करने की प्रक्रिया को भी समझाया गया। टीम को कचरा संग्रहण से लेकर उसके अंतिम निपटान तक की पूरी व्यवस्था का अवलोकन कराया गया।

निरीक्षण के दौरान स्व सहायता समूह की महिलाओं ने कचरा प्रबंधन की प्रक्रिया को करीब से समझा और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं को तैयार की गई जैविक खाद के पैकेट भी वितरित किए गए, ताकि वे इसके उपयोग और लाभों को समझ सकें।

### सोशल मीडिया पर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वालों पर पुलिसिया एक्शन ,चार को भेजा जेल

**खंडवा।** सोशल मीडिया पर धार्मिक भावनाओं को आहत करने और नफरत फैलाने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ खंडवा पुलिस ने सख्त कार्रवाई को अंजाम दिया है। जिले के पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि सोशल मीडिया मके माध्यम से सांप्रदायिक शांति को चुनौती देने वालों के लिए अब जेल ही एकमात्र स्थान है। इसी क्रम में पुलिस ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डालने वाले चार उपद्रवियों को चिन्हित कर सीधे सलाखों के पीछे भेज दिया है। यह कदम उन प्रतिबंधात्मक आदेशों के उल्लंघन के बाद उठाया गया है, जिनमें सोशल मीडिया कंटेंट पर कड़ी निगरानी और पाबंदी की बात कही गई थी। इसके बावजूद कुछ लोग फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप जैसे प्लेटफॉर्म्स का दुरुपयोग कर एक-दूसरे के धर्म के विरुद्ध अभद्र टिप्पणियां और भड़काऊ स्टेटस साझा कर रहे थे।

पुलिस की सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल अब सक्रिय रूप से ऐसे हर एक अकाउंट और ग्रुप पर पैनी नजर रख रही है जो दुष्प्रचार का जरिया बन रहे हैं। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ आईटी एक्ट और भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कठोर वैधानिक प्रक्रिया अपनाई गई है।

आगामी त्योहारों के मद्देनजर एसपी ने जिले की जनता से विशेष संयम बरतने के साथ अपील की है कि किसी के भी बहकावे में आकर न तो कोई विवादित पोस्ट साझा करें और न ही किसी स्थान पर अनावश्यक भीड़ एकत्रित करें ताकि शहर की फिजा खराब न हो और कानून-व्यवस्था बनी रहे।

### दुग्ध संस्था सचिवों का प्रशिक्षण संपन्न




**खंडवा।** बुरहानपुर जिले की दूध सहकारी संस्थाओं के सचिवों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ द्य कार्यक्रम के अं8तिम दिन प्रशिक्षार्थियों को स्थिति विवरण पत्र, तलपट का व्यावहारिक अध्ययन, समायोजन प्रविष्टियां, विभिन्न खातों का आपस में मिलान एवं पत्रक के साथ लगाए जाने वाले दस्तावेजों के विषय में बताया व आडिट आपत्तियों के निराकरण किस प्रकार से किए जा सकते हैं पर चर्चा की, कार्यक्रम में तीनों दिन इंदौर से आए मुख्य वक्ता एनके पगारे एवं केएल राठौर द्वारा प्रशिक्षार्थियों को तीनों दिनों में दूध सहकारी संस्था के संचालन संबंधी विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के प्रथम दिवस बुरहानपुर दुग्ध संयंत्र के अविनाश झारिया ने दुग्ध संघ की योजनाओं के बारे में बताया। कार्यक्रम में सचिव जय गंगराड़े ने कार्यक्रम को महत्वपूर्ण एवं उपयोगी बताया। कार्यक्रम का संचालन जिला सहकारी संघ के प्रबंधक मेहताबसिंह भदोरिया ने किया। अतिथियों का स्वागत व आभार प्रदर्शन सहायक प्रबंधक मनोज पालीवाल ने किया।

### समीर सोनी बने भारतीय स्वर्णकार समाज सेवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष



**ओंकारेश्वर।** स्वर्णकार समाज धर्मशाला ओंकारेश्वर में आयोजित प्रांतीय अधिवेशन में भारतीय स्वर्णकार समाज सेवा संगठन की विधिवत घोषणा की गई। कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों और मध्यप्रदेश के कई जिलों से आए प्रतिनिधियों की उपस्थिति में इंदौर के समीर सुरेंद्र कुमार सोनी को सर्वसम्मति से संगठन का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

अधिवेशन में खंडवा, खरगोन, धार, बड़वानी, रतलाम, मंदसौर, इंदौर, आगर, उज्जैन, नीमच, देवास और शाजापुर सहित विभिन्न जिलों के प्रतिनिधि शामिल हुए। साथ ही पश्चिम बंगाल, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली और छत्तीसगढ़ से भी प्रतिनिधियों ने भाग लिया। नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर सोनी ने समाज में एकता मजबूत करने, सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन तथा स्वर्णकला के उत्थान के लिए कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष अरुण सोनी ने स्वागत उद्बोधन दिया तथा कोषाध्यक्ष सुभाष सोनी ने आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया। इस दौरान कई पदाधिकारियों ने विचार व्यक्त किए और साइकिल से आनंदपुर खैगांव से ओंकारेश्वर पहुंचे बालक राघव राधेश्याम सोनी का सम्मान किया गया। अंत में गुलाल तिलक, भजन गायन और स्नेह भोज के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# शहर में आज निकलेगी श्री दादाजी फाग यात्रा

▶ सुप्रसिद्ध लोक गायक आनंदीलाल भावेल होंगे शामिल






नवभारत न्यूज

**खंडवा।** शहर में आज रंगपंचमी का पर्व सामाजिक समरसता और उत्साह के अनूठे संगम के साथ मनाया जाएगा। इंदौर की प्रसिद्ध गेर की तर्ज पर खंडवा के हृदय स्थल में विशाल 'श्री दादाजी फाग यात्रा' का आयोजन होने जा रहा है। श्री दादाजी फाग यात्रा उत्सव समिति, हिंदू उत्सव समिति और सकल हिंदू समाज के संयुक्त तत्वावधान में निकलने वाली यह यात्रा शहरवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगी।

**फूलों की वर्षा और रंगों की बौछार :** समिति के अध्यक्ष अखिलेश गुप्ता और समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि इस वर्ष फाग यात्रा को अत्यंत भव्य रूप दिया गया है। यात्रा के दौरान विशेष तोपों के माध्यम से लगभग 10 क्विंटल गुलाल और फूलों की वर्षा की जाएगी। साथ ही, पानी के टैंकरों में लगे नोजल और फव्वारों से रंगों की बौछार कर पूरे मार्ग को सराबोर किया जाएगा। सुरक्षा और व्यवस्था के लिए समिति के सचिव मदन भाऊ ठाकरे और कोषाध्यक्ष ईश्वर भाई डिंडोरे सहित पूरी टीम ने व्यापक तैयारियां की हैं।

**सांस्कृतिक वैभव और लोक गायन का संगम :** फाग यात्रा में भक्ति और संस्कृति की त्रिवेणी देखने को मिलेगी। इसमें भगवान राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकी, पारंपरिक आदिवासी नृत्य टोलियां और भजन मंडलियां शामिल होंगी। यात्रा का विशेष आकर्षण सुप्रसिद्ध गायक आनंदीलाल भावेल होंगे, जो अपने मशहूर गीत काका बाबा ना पोरिया और होली के पारंपरिक गीतों से समां बांधेंगे। डीजे साउंड और ढोल-ताशों की थाप पर निकलने वाली यह यात्रा नगर निगम टाउन हॉल से सुबह 10 बजे प्रारंभ होगी।

यह भव्य चल समारोह नगर निगम से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों घंटाघर, बॉम्बे बाजार, केवलराम पेट्रोल पंप चौराहा और दूधवाली गली से होता हुआ पार्वती बाई धर्मशाला पहुंचेगा, जहाँ यात्रा का विधिवत समापन होगा। गिरीश बजाज, मोहन काशिव और रामचंद्र मौर्य सहित आयोजन समिति के सदस्यों ने समस्त धर्मप्रेमी जनता से इस उत्सव में शामिल होकर आपसी सद्भाव के साथ रंगपंचमी मनाने की अपील की है।

## अंजनी मिश्रा पहले ही प्रयास में बनी आईएएस

नवभारत न्यूज



**खंडवा।** संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में खंडवा की बेटियों ने शानदार सफलता हासिल कर शहर का गौरव बढ़ाया है। रूपल जायसवाल के साथ ही जवाहरगंज निवासी 25 वर्षीय अंजनी मिश्रा ने भी पहले ही प्रयास में परीक्षा उत्तीर्ण कर 274वीं रैंक प्राप्त की है।

अंजनी मिश्रा, लोकायुक्त पुलिस भोपाल में पदस्थ अजय मिश्रा की पुत्री हैं। वे वर्तमान में मुंबई की एक अंतरराष्ट्रीय कंपनी में चार्टर्ड अकाउंटेंट के रूप में कार्यरत हैं। यूपीएससी की तैयारी के लिए उन्होंने नौकरी से अवकाश लिया और अपने पहले ही प्रयास में उल्लेखनीय सफलता हासिल की।

अंजनी पूर्व विधायक स्वर्गीय गंगाचरण मिश्रा के परिवार से संबंध रखती हैं। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, मित्रों और शहरवासियों में हर्ष का माहौल है। विभिन्न सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने अंजनी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## महिला दिवस पर केडीएसएस की विशाल रैली, 60 महिलाएं सम्मानित

नवभारत न्यूज




**खंडवा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर खंडवा डायोसिसन सोशल सर्विसेस द्वारा शनिवार को भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत इंदिरा चौक पार्क से निकाली गई विशाल महिला रैली से हुई, जिसमें खंडवा, खरगोन और बुरहानपुर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से 1300 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। संस्था के उपाध्यक्ष फादर जॉन विक्टर ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली इंदिरा चौक से सिविल लाइन, कलेक्टोरेट और स्टेडियम ग्राउंड होते हुए वत्सला विहार स्थित केडीएसएस कार्यालय पहुंची। संस्था के निदेशक फादर रोबिनसन ने बताया कि महिला दिवस महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियों को सम्मान देने का अवसर है। इस वर्ष की थीम 'अधिकार, न्याय एवं कार्रवाई - सभी महिलाओं और लड़कियों के लिए' रखी गई है। मुख्य कार्यक्रम में विधायक कंचन तनवे और ब्रह्माकुमारी शक्ति दीदी ने महिलाओं को संबोधित किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, नाटक और अनुभव साझा किए गए। इस अवसर पर समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 35 महिलाओं और 25 महिला कार्यकर्ताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## अनाथ बच्चों की 'मां' बनीं दीपमाला विधाणी

नवभारत न्यूज



**खंडवा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर खंडवा की समाजसेवी दीपमाला विधाणी मातृत्व, सेवा और महिला सशक्तिकरण की प्रेरणा बनकर उभरी हैं। उन्होंने स्वयं के संसाधनों और संकल्प के बल पर किलकारी शिशु गृह एवं विशेष दत्तक ग्रहण अभिकरण केंद्र स्थापित किया, जो अनाथ, परित्यक्त और बेसहारा बच्चों के लिए सुरक्षित आश्रय और परिवार का आंचल बन चुका है।

संस्था में एक दिन के नवजात से लेकर छह वर्ष तक के बच्चों को पोषण, स्वास्थ्य देखभाल और पारिवारिक वातावरण प्रदान किया जाता है। विशेष रूप से प्रीमेच्योर और कुपोषित बच्चों को चिकित्सकीय निगरानी और संतुलित पोषण के माध्यम से स्वस्थ किया गया, ताकि उन्हें नया जीवन और परिवार का स्नेह मिल सके। अब तक 50 से अधिक बच्चों को विधिवत दत्तक ग्रहण के माध्यम से मध्यप्रदेश सहित देश-विदेश में परिवार मिले हैं। सभी प्रक्रियाएँ CARA के दिशा-निर्देशों के अनुसार सुरक्षित और कानूनी ढंग से संपन्न होती हैं। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि दीपमाला विधाणी का यह प्रयास बच्चों के जीवन को बदलने और उन्हें सम्मानजनक परिवार देने की संवेदनशील मिसाल है। दीपमाला का मानना है कि 'हर बच्चे को परिवार और स्नेह का अधिकार मिलना चाहिए,' और उनका कार्य इसी मान्यता का जीवंत प्रमाण है।

किलकारी शिशु गृह ने अनाथ बच्चों को जीवन, सुरक्षा और परिवार का आशीर्वाद प्रदान कर समाज में महिला सशक्तिकरण और मातृत्व की मिसाल कायम की है।

## गुड़ी पड़वा पर्व को लेकर मातृशक्ति की बैठक




नवभारत न्यूज

**खंडवा।** नववर्ष गुड़ी पड़वा अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर पूर्व निमाड़ सामाजिक सांस्कृतिक सेवा समिति द्वारा श्रीगणेश गौशाला में मातृशक्ति की बैठक आयोजित की गई। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि वर्ष प्रतिपदा के दिन पसुबह घंटाघर पर सूर्य देव को सामूहिक अर्घ्य अर्पित किया जाएगा। इसके साथ ही रात्रि में अनाज मंडी प्रांगण में विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा, जिसमें वृंदावन की प्रसिद्ध गायिका साध्वी पूनम दीदी प्रस्तुति देंगी।

समिति अध्यक्ष आशीष चटकेले और सचिव भूपेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान वंदे मातरम के साथ नववर्ष का स्वागत किया जाएगा। बैठक में रामचंद्र मौर्य, शोभा तोमर, ममता बोरसे और चारु यादव ने मार्गदर्शन देते हुए सनातन संस्कृति की महत्ता बताई।




## 101 बालिकाओं को एचपीवी के टीके लगाए

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के उद्देश्य से एचपीवी टीकाकरण अभियान इन दिनों जारी है। इस अभियान के तहत 14 वर्ष पूर्ण और 15 वर्ष से कम उम्र की किशोरियों को एचपीवी के टीके लगाये जा रहे है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ओपी जुगतावत ने बताया कि शनिवार को जिला चिकित्सालय खण्डवा, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पंधाना, सिंगोट, मूंदी, पुनासा, खालवा, छैगांवमाखन, किल्लौद, ओंकारेश्वर, हरसूद, व जावर में बनाए गए टीकाकरण केंद्रों पर कुल 101 किशोरी बालिकाओं को टीके लगाए गए। इस तरह इस अभियान के तहत अभी तक कुल 246 बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाई जा चुकी है। डॉ. जुगतावत ने बताया टीकाकरण के लिए यूविन पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन पंजीयन किया जा सकता हैं।

## ग्राम भैसावा में दादा गुरु की परिक्रमा में विधायक ने लिया आशीर्वाद

नवभारत न्यूज



**खंडवा।** शनिवार को खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे ने अपने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भैसावा में संत दादा गुरु की निराहार माँ नर्मदा सेवा परिक्रमा की चतुर्थ यात्रा में शामिल होकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि दादा गुरु का आशीर्वाद समाज को सेवा, संस्कार और प्रकृति संरक्षण के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि दादा गुरु वर्षों से अन्न त्याग कर मां नर्मदा की सेवा में लगे हुए हैं और परिक्रमा के माध्यम से आम जन को मां नर्मदा, धर्म, धरा, धेनु और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हैं। यह तपयात्रा केवल धार्मिक नहीं, बल्कि मानवता, संयम, साधना और प्रकृति संरक्षण का प्रेरक उदाहरण है। दादा गुरु पिछले कई वर्षों से केवल मां नर्मदा के जल पर निर्भर रहकर तपश्चर्या कर रहे हैं, जो त्याग और अटूट आस्था की मिसाल है। इस अवसर पर विधायक कंचन तनवे के साथ राजपाल सिंह चौहान, देवेंद्र यादव, हरीश सेन, सुनील जैन, ज्ञानसिंह सावनेर, हरिओम भाई, महेश सेन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## भूकंप पूर्व तैयारी को लेकर पंधाना में प्रशिक्षण एवं मॉक ड्रिल

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन विभाग खंडवा द्वारा भूकंप संभावित क्षेत्र पंधाना में भूकंप पूर्व तैयारी एवं क्षमतावर्धन विषय पर कार्यशाला और मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

कार्यशाला की शुरुआत डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड आशीष कुमार कुशवाहा के प्रेजेंटेशन से हुई, जिसमें उन्होंने भूकंप प्रोफाइल, पूर्व तैयारी, आपदा के समय की जाने वाली कार्रवाई और वालंटियर सर्विस की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी। इसके बाद प्लाटून कमांडर रविन्द्र महिवाल और मनीष यादव ने बचाव कार्य की तकनीकी बारीकियों से प्रतिभागियों को अवगत कराया। मेडिकल ऑफिसर डॉ रोहित लाड़ ने सीपीआर तकनीक के माध्यम से जीवन बचाने की प्रक्रिया समझाई, जबकि एसडीईआरएफ जवानों ने इसका व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्रोफेसर कमल बख्तियापुरी ने भूकंपरोधी भवन निर्माण तकनीक पर मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष सुमित्रा काले सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

